दिनांक 15.07.2021

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

रोका छेका अभियान के तहत भिलाई निगम क्षेत्र में 202 आवारा पशुओं की हुई धरपकड़ , 58 को पशु मालिकों ने छुड़वाया

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई , क्षेत्र अंतर्गत सड़कों पर घूमने वाले आवारा पशुओं की धरपकड़ की जा रही है , साथ ही निगम का अमला पशुपालकों से रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पशु मालिकों समझाईश दे रहे है कि वे अपने मवेशी के चारा , पानी सहित समुचित व्यवस्था स्वंय करें। निगम आयुक्त श्री ऋतुराज रघुवंशी ने गोधन को संरक्षित करने रोका-छेका संकल्प अभियान के तहत पशु मालिकों को अपने मवेशी की सुरक्षा स्वंय करने , चारा, पानी की समुचित व्यवस्था करने कहा है जिससे अनावश्यक घूमने वाले मवेशियों के चलते परेशानी न हो! भिलाई निगम के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने बताया कि सड़कों पर आवारा पशुओं के घूमते हुए पाए जाने पर उन्हें पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है। पकड़े हुए मवेशियों को शहरी गोठान में रखा जा रहा है और पशुमालिकों से अर्थदण्ड लेकर लौटाया जा रहा है , इसके बाद भी दोबारा पशुपालक के पशु आवारा की तरह सड़कों पर घूमते हुए पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा गौधन को सुरक्षित एवं संरक्षित करने के लिए भरपूर प्रयास किए जा रहे हैं। सड़कों पर आवारा घूमने वाले पशु यातायात में बाधक बनकर दुर्घटना का कारण बनते हैं जिससे होने वाली दुर्घटना में पशुधन एवं जनधन दोनों की हानि होती है। निगम की अपील है कि इससे बचने के लिए पशुपालक अपने पालतू मवेशियों को सड़कों पर आवारा घूमने न दें। आवारा पशुओं को पकड़ने के लिए गठित दल के नोडल अधिकारी प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि दल ने नेहरू नगर चौक से डबरापारा चौक तक नेशनल हाईवे, नंदिनी रोड, छावनी चौक , कुरूद, अवंती बाई चौक, गदा चौक, सुपेला चौक का निरीक्षण कर आवारा पशुओं को पकड़ने की कार्रवाई की! सड़क किनारे घूम रहे 202 आवारा पशुओं की धरपकड़ अब तक की जा चुकी है। रोका छेका अभियान के तहत पकड़े गए गाय , बैल, भैंस, बछिया व अन्य पशुओं को निगम द्वारा संचालित शहरी गौठान में रखा गया है। 58 पशुओ को पशु मालिकों ने छुड़ाया – रोका छेका अभियान के तहत गठित टीम द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने के बाद निगम के शहरी गौठान में अब तक कुल 202 पशुओं को लाया जा चुका है पशुओं को पकड़े जाने की जानकारी मिलने पर 58 पशुपालकों ने 29065 रूपए अर्थदण्ड देकर अपने मवेशी को छुड़ाकर ले गए है और संकल्प पत्र भर रहे है कि वे अपने पशु की सुरक्षा स्वंय करेंगे, चारा, पानी की समुचित व्यवस्था करेंगे!

जनसम्पर्क अधिकारी